हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 2 अक्टूबर 2025

04 भावांतर योजना का लाभ लेने के लिए पंजीयन ...



09 आम सहमति से एजेंडा नहीं हुआ तय, कैसे होगा नगर...





## खबर संक्षेप

### आज ग्राम सभाएं आयोजित होंगी

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार 2 अक्टूबर 2025 से जिले में ग्राम सभाओं के सम्मिलन का चरणबद्ध आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत चयनित ग्रामों में ग्राम कार्य योजना के अनुमोदन को शामिल करते हुए ग्राम सभाएं आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

### राजपूत समाज आज करेगा शस्त्र पूजन

**सीहोर।** इस वर्ष भी राजपूत समाज द्वारा स्थानीय श्रीराम मंदिर, राजपूत समाज धर्मशाला, सीहोर में विजय दशमी के उपलक्ष्य में आज दिनांक 02 अक्टुबर 2025, दिन गुरुवार को दोपहर 12 बजे शस्त्र पूजन समारोह सामाजिक परम्परा एवं विधिविधान से आयोजित किया जायेगा। सभी राजपूत सरदारों से आग्रह किया गया है कि वह अपने-अपने शस्त्र लेकर उपस्थित हों।

### राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा का दौरा कार्यक्रम

**सीहोर।** राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा 2 अक्टूबर को दोपहर 02:30 बजे सीहोर पहुंचेंगे और सीहोर के पुलिस लाइन पर आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे दोपहर 03:15 बजे इछावर तहसील के अमलाहा पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 4 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन 14 तक

**सीहोर।** बच्चों में दिव्यांगता की पहचान एवं त्वरित दिव्यांगता प्रमाण-पत्र उपलब्ध करने के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जिला स्तरीय स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। यह शिविर 14 नवंबर तक आयोजित किए जाएंगे। चिन्हित बच्चों को उनकी जरूरत के अनुसार सुविधाएं और परिचय-पत्र मुहैया कराए जाएंगे। प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण ने बताया कि मध्यप्रदेश में हाई कोर्ट के निर्देश पर गठित जुनाईविल जस्टिस कमेटी की अनुशंसा पर 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों में दिव्यांगता की पहचान के लिए शिविर आयोजित किये जा रहे है।

### अवकाश दिनों में भी बिजली बिल भुगतान केन्द्र खुलेंगे

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के अंतर्गत 07 अक्टूबर (महर्षि वाल्मीकी जयंती), 21 अक्टूबर (गोवर्धन पूजा), समस्त शनिवार (04, 11, 18 एवं 25 अक्टूबर) तथा समस्त रविवार (05, 12, 19 एवं 26 अक्टूबर)को बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे।

### जिले का फर्जी रजिस्ट्री कांड, बेशकीमती जमीनें कर दी 48 फर्जी कंपनियों के नाम

# फर्जी रजिस्ट्री से कंपनियों ने उठाया करोड़ों का लाभ, सरकारी खजाने को भी लगाया जमकर चूना !

### किसानों ने लड़ी सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई, लापरवाही एवं फर्जीवाड़ा करने वालों पर कार्रवाई की दरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले की रेहटी तहसील के करीब 200 किसानों की बेशकीमती जमीनें फर्जी तरीके से फर्जी कंपनियों के नाम कर दी गई। इससे जहां इन कंपनियों ने करोड़ों का लाभ उठाया तो वहीं किसानों को अपनी जमीनें बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। इसमें किसानों ने अपनी जेब से बड़ी राशि भी खर्च की, लेकिन इस फर्जी जमीन रजिस्ट्री कांड में जिम्मेदार ही जबाव देने से बच रहे हैं। कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी इस मामले में मौन हैं।

सीहोर जिले की रेहटी तहसील में किसानों की जमीनों की फर्जी रजिस्ट्रियां हो गईं। इस मामले में ऊपर से नीचे तक हर जगह लापरवाही एवं मिलीभगत सामने आई। इसके बाद भी इस मामले में कार्रवाई व जांच को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों की लापरवाही भी सामने आ रही है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने भी किसानों को उनकी जमीनें वापस देने के आदेश दिए हैं। कई किसानों को इसमें जीत मिल गई है तो वहीं कुछ किसान हैं, जिन्हें भी जल्द ही सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने की उम्मीदें हैं। अब इस मामले में जिला स्तर पर लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई की दरकार है।




**ये फर्जी कंपनियों, जिनके नाम हुई बेशकीमती जमीनें** : सीहोर जिला पंजीयक-उप पंजीयक कार्यालय द्वारा वर्ष 2013-14 में रेहटी तहसील के करीब 200 किसानों की लगभग 3500 एकड़ जमीनों की फर्जी तरीके से रजिस्ट्रियां करके फर्जी कंपनियों के नाम कर दी गई। यह फर्जी कंपनियां पीएसीएल की है, जिनका कर्ता-धर्ता सुखमोहिन्दर सिंह को बताया जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि सुखमोहिन्दर सिंह की मौत हो चुकी है।

उसके साथ ही इसमें कई अन्य लोग भी शामिल हैं। सीहोर जिला पंजीयक-उप पंजीयक कार्यालय द्वारा जिन कंपनियों के नाम फर्जी रजिस्ट्रियां की गई हैं उनमें ग्रेट हिमालय इस्टेट, लूनर सिटी प्रोमोटर, अंधका रूरल-अरबन, हिल स्टार टाउनशिप, नुपूर बिल्डकॉन, सिंह एंड सलीम लाईफ स्टाईल, नारायण एंड ग्यासी डेवलोपर, पीवीजी डेवलोपर, नगीना हाउसिंग प्रोजेक्ट, हाफ लॉग हाउसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, मां ज्वालामुखी यूनिक कंस्ट्रक्शन, सिंह एंड कंग प्रोमोटर, मशकुरर रिटेलर, जीटीवी फार्म, ग्रेट हिमालय इस्टेट, वर्ल्ड वाईड इंफ्रास्ट्रक्चर, सेजपाल डेवलोपर, नुपुर बिल्डवेयस, मां ज्वालामुखी ड्रीम, काजीरंगा रियल, कशिश यूनिक प्रोमोटर, आधी शक्ति मां ज्वालामुखी, अकाई रियल इस्टेट, प्रेम कौर रूरल, तिवाना एंड गिल, मेमोत बिल्डर्स, प्लामेटे होम, टोम्ब रियल, हाईपोकोस्ट होम्स, मोस्तोर विलास, फार्ल्इंग, एन्ज्यूनिक बिल्डर्स, गेड लाईफ स्टाईल, वुड रूफ, सिंह एंड नारायण स्टेट, ओसकुला रियल, अंडरक्राफ्ट, ग्लॉटी गिल्डर्स, लेटिस वर्क, मोसोमरी डवलेपर, हेमलाक, सबफ्रेम प्रोपकोन, वेंसकोट हेवी, मोसोलिया होम्स, माउंट गार्डन, अवतार एंड गुरप्रताप, सिंह एंड सलीम लाईफ स्टाईल और शार्फ फिनलेश कंपनी के नाम से रजिस्ट्रियां कराई गई।

#### फर्जी रजिस्ट्रियां करने वाले अधिकारी अन्य जिलों में पदस्थ

सीहोर जिले की रेहटी तहसील में वर्ष 2013-14 के दौरान जिन अधिकारियों ने फर्जी रजिस्ट्रियां की वे अन्य जिलों में महत्वपूर्ण पदों पर पदस्थ हैं। बताया जा रहा है कि उस दौरान सीहोर जिला पंजीयक-उप पंजीयक कार्यालय में अभिषेक सिंह, प्रतिभा कुम्भारे और चंद्रभान साहू पदस्थ थे और इन्हीं के कार्यकाल में यह फर्जी रजिस्ट्री कांड भी हुआ। इसमें रेहटी तहसील में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों की मिलीभगत भी सामने आई है। इसके अलावा सीहोर के रजिस्ट्री वेंडर भी इस फर्जी रजिस्ट्री कांड में शामिल हैं, जिन पर कार्रवाई की दरकार है।

#### जवाब देने से बच रहे जिम्मेदार

इस संबंध में कलेक्टर बालागुरू के. से चर्चा करनी चाही, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। इसी तरह जिला पंजीयक अधिकारी कीर्ति असाटी भी जबाव देने से कतरा रही हैं।

## शिक्षा विभाग में बवाल, बीईओ और शिक्षक आमने-सामने, शराब, अभद्र व्यवहार और वेतन विवाद ने अब पकड़ा तूल

**सीहोर।** जिला शिक्षा विभाग का माहौल उस समय गरमा गया, जब विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) सुश्री दीपा कीर और प्राथमिक शिक्षक शिवनारायण विश्वकर्मा आमने-सामने भिड़ गए। यह घटना 25 सितंबर 2025 को बीईओ कार्यालय में घटी, जिसने पूरे शिक्षा महकमे को हिला कर रख दिया है। बीईओ सुश्री दीपा कीर का आरोप है कि शिक्षक शिवनारायण विश्वकर्मा शाला संचालन समय में स्कूल बंद करके उनके कार्यालय पहुंचे और शराब के नशे में अशोभनीय व्यवहार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार वेतन संबंधी जानकारी के लिए कार्यालय आने वाले विश्वकर्मा ने बातचीत के दौरान अनुचित आचरण किया और कहा, “मैं भूतपूर्व सैनिक हूँ, आप मेरा क्या कर लोगी।” इसके संबंध में उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी, कलेक्टर और पुलिस से भी शिकायत की है।

#### विभागीय गरिमा पर सवाल

इस पूरे विवाद ने शिक्षा विभाग की छवि पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक ओर अधिकारी का दावा है कि शिक्षक ने नशे की हालत में अभद्रता की, वहीं दूसरी ओर शिक्षक का कहना है कि अधिकारी ने अधिकारों का दुरुपयोग करते हुए उन्हें मानसिक प्रताड़ना दी। यह टकराव न केवल विभागीय अनुशासन को धूमिल करता है, बल्कि शिक्षकीय पद की गरिमा पर भी चोट करता है।

#### शिक्षक का पलटवार : वेतन और दुर्व्यवहार की शिकायत

वहीं, शिक्षक शिवनारायण विश्वकर्मा ने जनसुनवाई में कलेक्टर को लिखित शिकायत दी है। उनका कहना है कि अगस्त माह का उनका वेतन अब तक जारी नहीं किया गया, जबकि उन्होंने चिकित्सीय अवकाश की विधिवत रिपोर्ट जमा की थी। विश्वकर्मा का आरोप है कि बीईओ ने उन्हें धमकाते हुए कहा कि “अभी तुम्हारा वेतन नहीं मिलेगा, तुम्हारी पेंशन भी रुकवा दूंगी।” साथ ही मोबाइल छीनकर टेबल पर पटक दिया, जिससे मोबाइल क्षतिग्रस्त हो गया।

#### सीसीटीवी और गवाह बने सबूत

घटना के दौरान कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों ने भी शिक्षक और बीईओ के बीच विवाद को देखा। शिक्षक का कहना है कि उनके पास टूटा हुआ मोबाइल और कार्यालय के सीसीटीवी फुटेज इस घटना के साक्ष्य हैं। उन्होंने यह भी दावा किया है कि पूरे घटनाक्रम की रिकॉर्डिंग उपलब्ध है, जिसे देखकर सच्चाई स्पष्ट हो सकती है।

**जांच और कार्रवाई की मांग:** घटना की सूचना कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी और थाना कोतवाली सीहोर को भी भेजी गई है। अब मामला प्रशासन और पुलिस के संज्ञान में है। शिक्षक ने 25,000 रुपये के क्षतिग्रस्त मोबाइल का हर्जाना और न्याय की मांग की है। दूसरी ओर बीईओ ने शिक्षक पर अनुशासनहीनता और शराब सेवन के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। प्रशासन की जांच रिपोर्ट ही तय करेगी कि सच कौन बोल रहा है, लेकिन फिलहाल यह मामला शिक्षा विभाग में गरम चर्चा का विषय बना हुआ है।

इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी एसएस तोमर का कहना है कि मामले के संबंध में शिक्षक शिवनारायण विश्वकर्मा और बीईओ दीपा कीर के शिकायती आवेदन उनके पास प्राप्त हुए हैं। मामले में जांच कराई जा रही है।

## दशहरा पर्व-रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के वाटर प्रूफ पुतलों का किया जाएगा दहन

**सीहोर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी छावनी दशहरा उत्सव समिति के तत्वाधान में अधर्म पर धर्म की विजय श्री का पर्व विजयादशमी आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। बदलते हुए मौसम को देखते हुए समिति के संरक्षक पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने रावण निर्माण समिति को निर्देश दिए है कि वाटर प्रूफ रावण, मेघनाथ के साथ कुंभकरण के पुतले का निर्माण करें। बाल विहार मैदान पर रावण दहन से पहले एक भव्य चल समारोह निकाला जाएगा और उसके पश्चात मैदान पर भगवान राम और रावण के मध्य शानदार आतिशबाजी के साथ महायुद्ध किया जाएगा।

समिति के द्वारा शहर के प्राचीन गणेश मंदिर, कुबेरेश्वरधाम, भूतेश्वर महादेव मंदिर सहित अन्य स्थानों पर पहुंचकर निमंत्रण भेंट कर आशीर्वाद ग्रहण किया। वहीं अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की उपस्थिति में मुख्य अतिथि जसपाल सिंह अरोरा, कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अमिता अरोरा, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता हर्ष जैन, विशेष अतिथि मंहत हरिराम दास हंसदास मठ मंदिर, महंत ऊद्ववदास रामकुटी, समाजसेवी अखिलेश राय, राजीव गुजराती, मोहितराम पाठक, अजय पुरोहित, हर्षित शास्त्री, रुकमणी रोहिला, हरीश अग्रवाल, पवन राठौर, दीपक सोनी आदि रहेंगे। इसके अलावा भव्य राम बारात चल समारोह का गठन किया गया है।

राम बारात रात्रि सात बजे शहर के नमक चौराहे स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर से आरंभ होकर शहर के गांधी रोड, चरखा लाइन, बड़ा बाजार से होकर रावण दहन स्थल बाल विहार पहुंचेगी। छावनी दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष आशीष गहलोत और उनकी टीम के द्वारा बाल विहार मैदान पर शानदार तैयारियां की गई है। शहर के बाल विहार मैदान पर उत्साह और आस्था के साथ दशहरा पर्व मनाए जाने की तैयारियां पूर्ण हो गई है। जोरदार आतिशबाजी और रोशनी के मध्य रावण का दहन किया जाएगा।

## दो डॉक्टर और उनके दो रिश्तेदार को छह-छह महीने का कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर की प्रसिद्ध स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सुजाता परमार के भाई पैथोलॉजिस्ट सुभाष परमार और उसकी कथित पत्नी डॉ. दीप्ति गुप्ता व चन्द्रेश परमार, ब्रजेश परमार आदि को अपर सत्र न्यायाधीश भोपाल की कोर्ट ने 6 महीने के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। आरोपियों के खिलाफ भोपाल के बागसेवनिया थाने में 22 नवंबर 2018 को धारा 307/149, 323, 494, 147, 148, 506, 427 भारतीय दण्ड संहिता के तहत अपराध दर्ज किया गया था। पुलिस ने फरियादी चाणक्यपुरी सीहोर निवासी श्वेता परमार की शिकायत पर जांच के बाद अभियोजन पत्र न्यायालय में पेश किया, जहां न्यायाधीश पंकज कुमार जैन की कोर्ट ने सुनवाई के बाद आरोपियों को तीन अलग-अलग धाराओं में 6-6 महीने का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

अपर लोक अभियोजक नूतन नागर के मुताबिक फरियादी श्वेता परमार 22 नवंबर 2018 को सीहोर से अपने ससुराल अरविंद्र विहार भोपाल गई थीं, तभी वहां पति डॉ. सुभाष परमार और उनकी कथित पत्नी डॉ. दीप्ति गुप्ता व डॉ. सुभाष के मामा के लडक़े चन्द्रेश परमार और ब्रजेश परमार से किसी बात पर कहासुनी हो गई। आरोपियों ने न केवल फरियादी महिला के साथ अभद्रता की, बल्कि उसके भाई और परिजन के साथ भी जमकर मारपीट की। पीड़ित मौके से जान बचाकर भागे और बागसेवनिया थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने तत्काल पीड़ित पक्ष का मेडिकल कराया और भारतीय दण्ड संहिता की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया।

पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया, जो बाद में जमानत पर रिहा हो गए। अपर सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार जैन की कोर्ट ने मामले में सुनवाई के बाद आरोपियों के खिलाफ तीन अलग-अलग धाराओं में 6-6 महीने के कारावास की सजा सुनाई है।

## बुजुर्गों की मुस्कान घर को स्वर्ग बना देती है: कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा

**सीहोर।** बुजुर्गों की मुस्कान घर को स्वर्ग बना देती है, क्योंकि वे परिवार के लिए एक अनमोल धरोहर होते हैं, जिनके होने से घर आनंदित और खुशहाल रहता है। बुजुर्ग परिवार के मार्गदर्शक होते हैं और उनके आशीर्वाद से परिवार के सदस्यों को सही राह मिलती है। जिस घर में बुजुर्गों का निवास होता है, वहां सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और बुराई घर से कोसों दूर रहती है। उक्त विचार शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा ने कहे।

उन्होंने कहाकि बुजुर्ग परिवार को संस्कारों और पारंपरिक मूल्यों की सीख देते हैं, जिससे परिवार में सामंजस्य और एकता बनी रहती है। परिवार की पहचानः बुजुर्ग परिवार की शान और पहचान होते हैं। उनका अनुभव और ज्ञान घर को सही दिशा देता है। अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर बाला गुरु के एवं महेश कुमार यादव उप संचालक सामाजिक न्याय के मार्गदर्शन में संकल्प वृद्ध आश्रम सीहोर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ कथा वाचक पंडित श्री मिश्रा, आश्रम के मार्गदर्शक जितेन्द्र तिवारी, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा, समाजसेवी ज्योति अग्रवाल, भाजपा महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष श्रीमती सीमा परिहार, नव ज्योति संगठन के अध्यक्ष हिमांशु सोनी, मनोज दीक्षित मामा, जिला पेंशन संगठन संगठन के अनिल शर्मा, सामाजिक न्याय विभाग सीहोर के कृपाल सिंह चौधरी, सावन गांगले, नवल किशोर मालवीय, आकाश राय, दुर्गा दास नागले, संकल्प वृद्ध आश्रम टीम आदि दीप प्रज्वलित कर किया गया। उक्त कार्यक्रम में 50 वृद्धजनों का सम्मान किया गया। जिसमें दो वृद्ध श्रीमती गेंद कुंवर बाई निवासी उल्लास खुर्द एवं श्रीमती सूरज वाजपेई निवासी कस्बा सीहोर जिनकी आयु 100 वर्ष से अधिक होने पर उन्हें विभाग की ओर से 1000 रुपए की राशि शतायु सम्मान के रूप में प्रदान कर सम्मानित किया गया।



इस मौके पर यहां पर मौजूद वक्ताओं ने कहाकि यदि घर में बुजुर्गों से लड़कर मंदिर जाओगे तो कोई फायदा नहीं है। वहां भी आपका मन नहीं लगेगा। लोग क्रिया तो शुद्ध करते हैं मंदिर में पूजन करते हैं लेकिन भाव अशुभ होते हैं। तो वह पूजन कोई फलदायी नहीं होती। जैसे हम शुभ-अशुभ भाव करते हैं वैसा ही फल हमें मिलता है। तुम मंदिर में किस भावना से जा रहे हो इसका भगवान पर कोई फर्क नहीं पड़ता। तुम्हारे भाव शुद्ध होंगे तो कल्याण तुम्हारा ही होगा। माता-पिता सबसे बड़े सम्मान के हकदार होते है।

### फिल्म में सीहोर, भोपाल, शुजालपुर आदि के कलाकारों ने निभाए किरदार

## सीहोर में फिल्माई गई पहली फिल्म व्हाट ए किस्मत का जी 5 पर वर्ल्ड ओटीटी प्रीमियर आज होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

समाजसेवी अखलेश राय प्रोडक्शंस कृत फ़ल्मि व्हाट ए किस्मत फ़ल्मि का जी5 ओटीटी प्लेटफार्म पर वर्ल्ड प्रीमियर शो गुरुवार 2 अक्टूबर को दशहरा के दिन होने जा रहा है।

यह जानकारी देते हुए फ़ल्मि के निर्देशक मोहन आजाद ने बताया कि जी5 की ओर से इस संबंध में लिखित सूचना दे दी गई है।

गौरतलब है कि व्हाट ए किस्मत में मुंबई सहित सीहोर, भोपाल, शुजालपुर आदि स्थानों के प्रतिभावान कलाकारों के भी दिलचस्प किरदार हैं। खास बात यह है कि इस फिल्म की कहानी सीहोर पर आधारित है। दर्शकों के भरपूर मनोरंजन के लिए इस फ़ल्मि में सभी गुण मौजूद हैं। सभी कलाकारों ने फ़ल्मि में अपने हिस्से का सर्वश्रेष्ठ परफार्मेंस दिया है। इस फ़ल्मि में मुख्य कलाकार युद्धवीर दहिया, मानसी सहगल, वैष्णवी पटवर्धन, पंकज कालरा, भावना बलसावर, टीकू तलसानिया, आनंद मिश्रा आदि सहित सीहोर की कलाकार रिया चौधरी, शैलेंद्र गोहिया, जीशान जाफरी, अभिषेक सक्सेना, अतुल द्विवेदी, गणेश शर्मा आदि के नाम उल्लेखनीय हैं। इस फ़ल्मि के निर्माण में नगर के वरिष्ठ समाजसेवी अखलेश राय का प्रमुख योगदान रहा है। फ़ल्मि व्हाट ए किस्मत की कहानी में बेरोजगारी, रुपया कमाने के सपने, लचर सिस्टम और उसकी कमजोरियां, थ्रिल, हास्य, रोमांच आदि बेहद सटीक तरीके से संजोया गया है। सबसे अधिक प्रभावित फ़ल्मि के मुख्य किरदार चंदू के रूप में युध्दवीर दहिया ने किया है। उनकी मासूमियत, झुंझलाहट, दुख और खुशी का प्रजेंटेशन बेहद मौलिक नजर आता है।




एसपी के रूप में टिक्कू तलसानिया ने जिस मज़ाकिया अंदाज में हास्य परोसा है उसकी जितनी तारीफ की जाय कम है। डायरेक्टर और लेखक मोहन आज़ाद की क्षमता का लोहा समीक्षकों पहले ही मान लिया था। पूरी फिल्म गति के साथ चलती है। अब आगे क्या होगा यह जिज्ञासा फ़ल्मि के अंत में ही समाप्त होती है।

सीहोर ही से जुड़े सहायक निर्देशक विक्रांत गोहिया की प्रतिभा और मेहनत की प्रशंसा भी मोहन आजाद कर चुके हैं। वह शैलेंद्र गोहिया के पुत्र हैं। एक चैनल की कैमरा पर्सन का किरदार रिया चौधरी ने जिस सहजता से निभाया है वह दर्शाता है कि उनमें अभिनय की अपार संभावनाएं हैं। आनंद मिश्रा रंगमंच के प्रतिष्ठित और अनुभवी कलाकार हैं जो भोपाल निवासी हैं। एक दिव्यांग बुजुर्ग के रूप में बिना संवाद अदायगी के उन्होंने अपनी अलग ही छाप छोड़ी है।

उम्मीद की जा रही है कि व्हाट ए किस्मत फ़ल्मि की सफलता निश्चित रूप से सीहोर सहित मध्यप्रदेश के कलाकारों को फ़ल्मि जगत में अवसर देने हेतु मील का पत्थर साबित होगी।

### जिला चिकित्सालय से चर्च ग्राउंड तक बच्चों ने लगाई दौड़, एसपी ने भी लिया हिस्सा

**सीहोर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा संचालित मैं हूँ अभिमन्यू अभियान के तहत जिला चिकित्सालय से चर्च ग्राउंड स्टेडियम तक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। बुधवार सुबह पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ की शुरुआत की। इस दौड़ में बड़ी संख्या में बच्चे उत्साहपूर्वक भाग लिए। पुलिस अधीक्षक ने बच्चों से संवाद कर उन्हें समाज सुधार में सक्रिय होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य समाज में व्याप्त नशा, लैंगिक भेदभाव, दहेज प्रथा, अश्लीलता, असंवेदनशीलता और अशिक्षा जैसी बुराइयों के खिलाफ युवाओं को जागरूक करना है। अभियान का महत्व : इस अभियान का नाम महाभारत के वीर अभिमन्यू से लिया गया है। जैसे अभिमन्यू ने कौरवों द्वारा रचे गए चक्रव्यूह को भेदकर साहस दिखाया, उसी प्रकार इस अभियान में अभिमन्यू बनने से तात्पर्य है समाज की बुराइयों का डटकर सामना करना और सुरक्षित, सशक्त एवं विकसित समाज की स्थापना करना। अधिकारियों और स्टाफ की उपस्थिति : दौड़ के दौरान उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा शाखा पूजा शर्मा, महिला थाना प्रभारी माया सिंह, कोतवाली थाना प्रभारी रविंद्र सिंह यादव, रक्षित निरीक्षक उपेंद्र सिंह यादव, उपनिरीक्षक किरण सिंह एवं संबंधित थानों का स्टॉफ उपस्थित रहा।

**खबर संक्षेप**



## नर्मदा में बहे दो युवकों में से एक का शव आंवली घाट में मिला

**बुधनी।** रविवार सुबह बुधनी घाट पर स्नान करने के दौरान तेज बहाव मे बहे युवकों में से एक का शव आंवली घाट पर एसडीआरएफ ने ढूंढ लिया है वहीं दूसरे की तलाश जारी है। रविवार को रायसेन जिले के दीवानगंज के रहने वाले तीन युवक तोरण यादव पुत्र भीखन यादव,नितेश साहू पुत्र मनोज साहू एवं योगेश साहू पुत्र मुकेश साहू मोटरसाइकिल पर सवार होकर सलकनपुर दर्शन करने के लिए निकले थे इसी बीच वह बुधनी घाट नर्मदा स्नान करने चले गए जहां स्नान के दौरान तीनों तेज पानी के बहाव में बह गए इसमें तोरण यादव को स्थानीय तैराकों ने बचा लिया था वहीं नितेश और योगेश की तलाश की जा रही थी मंगलवार को आंवली घाट पर तैनात एसडीआरएफ की टीम को सर्चिंग के दौरान एक शव मिला मौके पर पहुंची पुलिस ने जब गुमशुदा दोनों युवकों से शव का मिलान किया तो उसकी पहचान योगेश साहू के रूप में हुई मृतक के चचेरे भाई आकाश साहू ने उसकी पहचान की है फिलहाल पुलिस और एसडीआरएफ की टीम नितेश की तलाश कर रही है वही एक दूसरे मामले में करीबी ग्राम ग्वाडीया में नर्मदा तट पर एक अज्ञात शव मिला है पुलिस ने शव को मर्चुरी रूम में रखवा दिया है उसकी पहचान के प्रयास किया जा रहे हैं।

## राष्ट्रीय पोषण माह अभियान 16 तक

**सीहोर।** मिशन पोषण 2.0 के तहत मध्यप्रदेश में 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर तक राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जाएगा। इस वर्ष का आयोजन आठवाँ पोषण माह होगा, जिसमें राज्य, जिला, परियोजना और आंगनबाड़ी स्तर तक सामुदायिक सहभागिता से थीम-आधारित गतिविधियाँ संचालित होंगी। पोषण माह की प्रमुख थीम हैं मोटापा नियंत्रण (कम नमक, कम चीनी, कम तेल), प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा शिशु एवं बाल आहार प्रथाएँ, पुरुष सहभागिता और एक पेड़ माँ के नाम एवं स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा।

## जिलेभर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से जिले में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत जिलेभर में स्वास्थ्य संस्थाओं पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर महिलाओं, किशोरियों, बच्चों एवं अन्य सभी नागरिकों स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। अभियान के तहत जिलेभर में शिविरों में 14,373 महिलाओं, किशोरियों एवं पुरुषों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।

### योजना के तहत किसानों को सुनिश्चित किया जाएगा उनकी फसल पर एमएसपी के बराबर लाभ

# भावांतर योजना का लाभ लेने के लिए पंजीयन अनिवार्य, कल से होंगे सोयाबीन के पंजीयन

### मुख्य सचिव और कलेक्टर ने बैठक आयोजित कर भावांतर योजना के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सरकार द्वारा किसानों को उनकी फसलों का उचित दाम दिलाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा भावांतर योजना लागू की गई है। भावांतर योजना के अंतर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर 03 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2025 तक सोयाबीन का पंजीयन किया जाएगा। इसके साथ ही फसल विक्रय के लिए भावांतर अवधि 24 अक्टूबर 2025 से 15 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित कर सभी जिलों के कलेक्टर्स एवं संबंधित अधिकारियों को भावांतर योजना के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीहोर कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर बालागुरू के., अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, डीडीए अशोक कुमार उपाध्याय सहित संबंधित अधिकारी बैठक में वीसी के माध्यम से शामिल हुए। वीसी के पश्चात कलेक्टर बालागुरू के. ने बैठक आयोजित कर संबंधित अधिकारियों को जिले में भावांतर योजना के प्रभावी संचालन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भावांतर योजना के तहत किसान पंजीयन के लिए जिले में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशान न हो। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के सभी सोयाबीन उत्पादक किसानों से अपील की है वे निर्धारित समय अवधि में अपना पंजीयन कराएं। इसके साथ ही उन्होंने किसानों से कहा है कि वे सोयाबीन विक्रय के लिए अपना पंजीयन कराएं और अपना सोयाबीन मंडी मे ही विक्रय करें, बिचौलियों को नहीं बेचें। सरकार की यह भावांतर योजना उचित औसत गुणवत्ता (एफएक्यू) उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देती है। योजना के तहत किसान को एमएसपी से कम लेकिन मंडी मॉडल रेट से अधिक भाव प्राप्त होने पर विक्रय मूल्य और एमएसपी के अंतर की राशि प्राप्त होगी। इसी प्रकार एमएसपी और मंडी मॉडल रेट दोनों से कम भाव प्राप्त होने पर मंडी मॉडल रेट और एमएसपी के अंतर की राशि किसान को प्राप्त होगी। यहां पर मंडी मॉडल रेट से आशय विगत दो सप्ताह में विक्रय की गई सोयाबीन का औसत विक्रय मूल्य से है। यह प्रतिदिन निर्धारित होता है।



**उपार्जित फसल के भुगतान हेतु बैंक खाता :** किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। किसान के आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में किसी कारण से समस्या उत्पन्न होने पर किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए बैंक खाते में भुगतान किया जा सकेगा। किसान पंजीयन के समय किसान को बैंक खाता नंबर और IFSC कोड की जानकारी उपलब्ध करानी होगी।

अक्रियाशील बैंक खाते, संयुक्त बैंक खाते एवं फिनो, एयरटेल, पेटीएम, बैंक खाते पंजीयन में मान्य नहीं होंगे। पंजीयन व्यवस्था में बेहतर सेवा प्राप्त करने के लिए यह जरूरी होगा कि किसान अपने आधार नंबर से बैंक खाता और मोबाइल नंबर को लिंक कराकर उसे अपडेट रखें। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जिला और तहसील स्तर पर स्थापित आधार पंजीयन केन्द्रों को क्रियाशील रखा जाए जिससे किसान वहां जाकर आसानी से अपना मोबाइल नंबर एवं बायोमेट्रिक अपडेट करा सके।

इस कार्य के लिए पोस्ट ऑफिस में संचालित आधार सुविधा केन्द्र का भी उपयोग किया जा सकता है। आधार नंबर से बैंक खाता लिंक कराने के लिए बैंकों के साथ भी समन्वय आवश्यक होगा। किसान के आधार लिंक बैंक खाते के सत्यापन हेतु पंजीयन के दौरान ही 1 रुपये का ट्रांजेक्शन मध्यप्रदेश राज्य आपूर्ति निगम द्वारा ई-उपार्जन/जेआईटी पोर्टल के माध्यम से कराया जाएगा।

### आधार नंबर का वेरिफिकेशन

पंजीयन कराने और फसल बेचने के लिए आधार नंबर का वेरिफिकेशन कराना अनिवार्य होगा। वेरिफिकेशन आधार नंबर से लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी से या बायोमेट्रिक डिवाइस से किया जा सकेगा। किसान का पंजीयन केवल उसी स्थिति में हो सकेगा जब किसान के भू-अभिलेख के खाते एवं खसरे में दर्ज नाम का मिलान आधार कार्ड में दर्ज नाम से होगा। भू-अभिलेख और आधार कार्ड में दर्ज नाम में विसंगति होने पर पंजीयन का सत्यापन तहसील कार्यालय से कराया जाएगा। सत्यापन होने की स्थिति में ही यह पंजीयन मान्य होगा।

### क्या है भावांतर योजना

भावांतर योजना किसानों को उनकी उपज का उचित दाम दिलाने के लिए शुरू की गई सरकार की एक योजना है। यह प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के तहत 2018-19 से लागू है। योजना के अनुसार यदि किसान को मंडी में उपज का भाव न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम मिलता है, तो राज्य सरकार औसत मॉडल भाव और एमएसपी के बीच के अंतर की राशि सीधे किसान के खाते डालेगी। इसके लिए किसानों का ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन जरूरी है। अतः इस प्रकार हर स्थिति में किसान को उसकी फसल पर एमएसपी के बराबर लाभ सुनिश्चित किया जाएगा।

### कब से होंगे पंजीयन

भावांतर योजना के अंतर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर 03 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2025 तक सोयाबीन का पंजीयन किया जाएगा। इसके साथ ही फसल विक्रय के लिए भावांतर अवधि 24 अक्टूबर 2025 से 15 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है।

### पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था

भावांतर योजना के तहत पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र तथा एम.पी. किसान एप पर भी की गई है। यहां किसान अपना निशुल्क पंजीयन करा सकते हैं।

### पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था

भावांतर योजना के तहत पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है। यहां प्रति पंजीयन के लिये 50 रूपये से अधिक शुल्क नहीं लिया जाएगा। किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज़, किसान के आधार कार्ड एवं अन्य फोटों पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड रखा जाना अनिवार्य होगा।

सिकमी/बटाईदार/कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन सहकारी संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। इस श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा।

## श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि के लिए की माता रानी की उपासना, दुर्गा पंडालों में हुए हवन व भंडारे, महाआरती उतारकर की रात्रि जागरण





**भैरूंदा।** नगर सहित क्षेत्र शारदीय नवरात्र की पर अष्टमी, नवमी पर घरों और दुर्गा पंडालों में हवन-पूजन और भंडारे के आयोजन किया। कन्याओं का पूजन करके उपहार दिए गए। रात में माता की महाआरती का आयोजन भी किया गया। वहीं जगत जननी मां अंबे दुर्गा ,मां कालिका की महाआरती में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। महानवमी पर हवन-पूजन करके सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए आहुतियां डाली। नवरात्र पर मां अम्बे में मन्दिर सहित पांडालों पर भंडारे का आयोजन कर कन्याभोज कराया गया।

वहीं महा आरती एवं प्रसादी ग्रहण की वही रात्रि जागरण में भजन कीर्तन किया गया। शहरभर में दुर्गा पंडालों में अष्टमी एवं नवमी पर भक्तों श्रद्धालुओं ने हवन- पूजन करके आहुतियां महा आरती एवं प्रसादी ग्रहण की शारदीय नवरात्र महा नवमी के दिन नगर सहित क्षेत्र अनेकों स्थानों पर हवन विधिविधान एवं भक्ति भाव से किया। वहीं भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें कन्या भोजन एवं बड़ी संख्या श्रद्धालुओं भंडारा प्रसादी ग्रहण की। गुरुवार को दशमी के दिन घट एवं मा दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन अनेकों स्थानों नदी के घाट पर किया जाएगा।

प्रतिमा विसर्जन के मां दुर्गा के पंडालों डोल नगाड़ों की थाप पर श्रद्धालुओं भक्तों के द्वारा शहर सहित क्षेत्र में शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं श्रद्धालु भक्त नम आंखों से मां अम्बे बिदाई देंगे और प्रतिमा विसर्जन करेंगे।

### 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा विशेष अभियान

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक शासन के सभी विभागों एवं शासकीय कार्यालयों में स्पेशल कैम्पेन 5.0 आयोजित किया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उददेश्य लंबित प्रकरणों, फाइलों और अपीलों का त्वरित व पारदर्शी निपटारा करना, कार्यालयों में स्वच्छता बनाना, कचरा निस्तारण तथा ई-कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन को बढावा देना तथा कर्मचारियों व अधिकारियों में सेवा भाव एवं जवाबदेही को सुदृढ करना है। ताकि योजनाओं और सेवाओं की सुगम व पारदर्शी प्रक्रिया से अधिक हितग्राही लाभान्वित हों और आम जनता की शासन से की गई अपेक्षाओं का त्वरित निदान होने से शासन के प्रति जनता भरोसा बढ़े। इसके साथ ही कार्यालयों में बेहतर स्वच्छता और ई कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण से स्वच्छ व हरित शासन व्यवस्था स्थापित हो सके। कलेक्टर श्री बालागुरू के. संबंधित अधिकारियों को अभियान के प्रभावी संचालन के निर्देश दिए हैं। यह अभियान के शासन के सभी विभागो, अधीनस्थ कार्यालयों, स्वायत्त निकायों एवं निगम, मंडल, आयोग सहित सभी शासकीय कार्यलयों में संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत सभी शासकीय विभागों एवं कार्यालयों द्वारा सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा।

## असत्य पर सत्य की जीत, भगवान राम व रावण के बीच होगा युद्ध

### 51 फीट का रावण बन तैयार, राम के अग्निबाण से होगा बुराई का अंत

**भैरूंदा।** गुरुवार को नगर में विजयादशमी का पर्व धूमधाम व उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा। दशहरा मैदान पर शाम 7 बजे 51फिट बने रावण दहन होगा। जहां भगवान राम अग्नि बाण चलाकर रावण का वध करेंगे। इससे पहले नगर के राम मन्दिर से लेकर हनुमान मंदिर बजरंग कुटी तक चल समारोह निकलेगा जाएगा। चल समारोह में शामिल श्रद्धालुओं भक्तों के बीच आकर्षक झांकियां का प्रदर्शन किया जाएगा। डोल नगाड़ों की थाप पर झूमते नाचते हुए जय जय श्री राम के जयघोष लगाते हुएं चलेंगे। बग्गी पर सावर भगवान राम, मातासीता, लक्ष्मण, हनुमान होकर नगर भ्रमण कर दशहरा मैदान पर पहुंचेंगे, जहां भगवान राम और रावण बीच युद्ध होंगा। युद्ध के दौरान असत्य पर सत्य की विजय रावण दहन किया जाएगा। इस दौरान आकाश में आतिशबाजी की जाएगी। विजय दशमी पर्व को लेकर नवा पारायण समिति के तत्वधान में दशहरा पर्व की तैयारियों पूरी हो चुकी हैं। राम मन्दिर छोटा बाज़ार गांधी चौक से आज दोपहर 3 बजे से चल समारोह निकलेगा जाएगा जो कि नगर के रॉयल मार्केट, जेपी मार्केट दुर्गा चौक, से होते हुए बजरंग कुटी हनुमान मंदिर पहुंचेगा जहां पूजन अर्चना हनुमान चालीसा पाठ के बाद भव्य आरती का आयोजन किया जाएगा एवं प्रसादी वितरण की जाएंगी। वहीं चल समारोह पुनः नगर के दशहरा मैदान पर पहुंचेंगे। जहा भगवान राम और रावण के बीच युद्ध किया जाएंगा। असत्य पर सत्य की विजय के साथ ही अग्निबाण से रावण का वध होगा।



### एसडीएम, एसडीओपी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

एसडीएम सुधीर कुशवाहा एवं एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने बुधवार को नगर के दशहरा मैदान पहुंचे जहां विजय दशमी पर आयोजित कार्यक्रम की तैयारियां व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। दुर्गा विसर्जन को लेकर भी नांदगांव स्थित अम्बड नदी पर पहुंचे जहां नगर परिषद् द्वारा प्रतिमा विसर्जन की व्यवस्थाए देखी। इस दौरान एसडीएम सुधीर कुशवाहा ने बताया कि नगर सहित आसपास के श्रद्धालु अधिक संख्या में प्रतिमा विसर्जन को लेकर नांदगांव स्थित अम्बर नदी पर पहुंचे है। इसी को लेकर नगर परिषद् द्वारा व्यवस्थाएं की गई है। दो अलग अलग कुण्ड तैयार किए गए हैं। एक में मूर्ति विसर्जन तो दूसरे में पूजन सामग्री की व्यवस्था बनाई गई है। सुरक्षा व्यवस्था सहित प्रकाश के लिए लाइटिंग व्यवस्था की गई है। तो पड़ागांव नदी पर भी मूर्ति का बिसर्जन को लेकर व्यस्था बनाई गई है। मुख्य रूप से नंदगांव की नदी पर सभी तैयारियां की गई है। जहा बड़ी संख्या में श्रद्धालु मूर्ति विसर्जन के लिए पहुंचते हैं। एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने बताया कि दुर्गा विसर्जन एवं विजय दशमी पर्व को लेकर मूर्ति विसर्जन के स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिसकर्मी, होमगार्डों एवं लोकल गोताखोरों की तैनाती की गई है। 20 अतिरिक्त पुलिसबल बाहर से बुलाए गए हैं सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। विजय दशमी पर्व पर नगर में चल समारोह को लेकर भी चौक चौराहों पर पुलिसबल की तैनाती रहेंगी।

### छह हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी

# 9 घंटे चले भंडारे में 2 क्विंटल दूध, 1 क्विंटल नुक्ती और 10 क्विंटल आटे से पूड़ी बनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के विश्राम घाट स्थित चौसट योगिनी मरीह माता के दरबार में नवरात्रि के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की आस्था का सैलाब उमड़ता दिखाई दिया। माता के दर्शनों के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने का दौर शुरू हो गया। मंदिर के बाहर दिनभर श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं। इस मौके पर विशेष श्रृंगार किया गया। बुधवार को मंदिर परिसर में छह हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने यहां पर जारी विशाल भंडारे में प्रसादी ग्रहण की। यहां पर 2 क्विंटल दुध, 1 क्विंटल बेसन की नुक्ती और 10 क्विंटल आटे से पूड़ी की प्रसादी का भोग देवी का लगाया गया था। हर साल हजारों की संख्या में श्रद्धालु नवरात्रि पर मां के दर्शन करने आते है और प्रसादी ग्रहण करते है।

लोग भोर से ही कतार में लग कर मां के नौवें स्वरूप का दर्शन-पूजन कर रहे थे। यहां श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी थी। पूरे परिसर में मेला जैसा माहौल था। हवन यज्ञ में आस्था की आहूति से पूरा वातावरण सुगंध व मां शेरावाली के जयकारे से गुंजायमान था। यहां भक्त बड़ी संख्या में हवन भी कर रहे थे और आस्था के अनुरूप लोग कन्याओं को भोज करा रहे थे।



करीब 150 साल प्राचीन मरीह माता के व्यवस्थापक रोहित मेवाड़ा ने बताया कि हर साल शरदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर नौ देवियों की पूजा अर्चना की जाती है। इस साल भी यहां पर महाष्टमी पर महानिशा महाआरती और विशेष अनुष्ठान का आयोजन हुआ। घंटे-घड़यिालों की ध्वनि और माता के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। इसके अलावा यहां पर बुधवार की सुबह हवन-यज्ञ का आयोजन पंडित उमेश दुबे, गोविन्द मेवाड़ा, जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा, रितिश अग्रवाल, सुनील चौकसे, रामेश्वर सोनी सहित अनेक लोगों की मौजूदगी में किया गया था।

सुबह सात बजे से हवन की क्रियाओं के पश्चात पूर्णाहुजि और आरती का आयोजन किया गया था। जिला संस्कार मंच के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि मां सिद्धिदात्री नवदुर्गाओं में अंतिम हैं। अन्य आठ दुर्गाओं को शास्त्रीय अनुष्ठानों के अनुसार पूजा करते हुए, भक्त दुर्गा पूजा के नौवें दिन सिद्धिदात्री मां पूजा में संलग्न होते हैं। उनकी पूजा पूरी करने के बाद भक्तों और साधकों की सभी प्रकार की लौकिक, पारलौकिक मनोकामनाएं पूरी होती हैं। सिद्धिदात्री मां के भक्त में कोई ऐसी इच्छा नहीं बची होती है, जिसे वह पूरा करना चाहता हो। ऐसा माना जाता है कि मां भगवती का स्मरण, ध्यान, आराधना हमें इस संसार की नश्वरता का बोध कराती है, जो हमें वास्तविक परम शांतिदायक अमृतपद की ओर ले जाने वाली है। मान्यता है कि इनकी पूजा करने से भक्त को सभी सिद्धियां, अणिमा, लधिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, महिमा, ईशित्व, सर्वकामावसायिता, दूर श्रवण, परकामा प्रवेश, वाकसिद्ध, अमरत्व भावना सिद्धि आदि और नव निधियों की प्राप्ति होती है।

### चौपाल लगाकर विधायक ने कराया विभिन्न समस्याओं का निराकरण



**सीहोर।** चौपाल लगाकर विधायक सुदेश राय ने नागरिकों की समस्याओं को सुना और तत्काल समस्याओं शिकायतों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को कॉल कर निर्देशित किया। विधायक कार्यालय के बाहर जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विधायक सुदेश राय के द्वारा अपने कार्यालय के स्टाफ के साथ विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों से आने वाले नागरिकों की समस्याओं को चोपाल लगाकर सुना और अपने स्टाफ को संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण के लिए पत्राचार करने मौखिक निर्देशित करने के लिए कहा। चौपाल में शहर सहित श्यामपुर दोराहा अहमदपुर देवीपुर से लोग पहुंचे। कृषि भूमि का बटान नहीं होने, नामांतरण नहीं होने, बिजली के बिल अधिक आने, पेंशन राशि कम मिलने सहित अन्य समस्याएं चौपाल के दौरान विधायक सुदेश राय के समक्ष नागरिकों के द्वारा प्रस्तुत की गई।

**आवश्यकता है**
**GNM NURSEBSC NURSING NURSEO.T.TECH**
साक्षात्कार दिनांक :- 05-10-2025, रविवार समय दोपहर 2 बजे।
साक्षात्कार में अपने दस्तावेजों की छायाप्रति लेकर अवश्य आएं।
सैलरी : अनुभव के आधार पर।
तुरंत संपर्क करे : सिद्धार्थ हॉस्पिटल, आष्टा भोपाल रोड शनि मंदिर के पास , मारुति शोरूम के सामने, मो. 7415151002

# आम सहमति से एजेंडा नहीं हुआ तय, कैसे होगा नगर का विकास

## बैठक में पहुंचे 4 पार्षद, 14 ने किया बहिष्कार, कोरम के अभाव में नपा परिषद की बैठक स्थगित, अध्यक्ष सहित अधिकांश पार्षद अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सारंगपुर

नगर पालिका परिषद का साधारण सम्मेलन मंगलवार को तय समय पर नगर पालिका कार्यालय में होना था, लेकिन अध्यक्ष सहित आधे से अधिक पार्षद बैठक में नहीं पहुंचे इस कारण बैठक को स्थगित करना पड़ा।

बैठक के दौरान नगर के विकास से जुड़े 28 प्रस्तावों पर चर्चा एवं अनुमोदन होना था। लेकिन अध्यक्ष एवं कुछ पार्षदों का कहना था कि मनमाने ढंग से एजेंडा निकला और बैठक की सूचना भी समय पर नहीं पहुंची। वहीं आज अष्टमी का त्यौहार है लगभग सभी घरों में पूजा होती है। वहीं सीएमओ ज्योति सुनहरे ने बताया कि बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 की योजनाओं जैसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे गए लेकिन पर्याप्त संख्या में पार्षदों की अनुपस्थिति के चलते कोरम पूरा नहीं हो पाया और बैठक स्थगित करना पड़ी। अब इन प्रस्तावों पर विचार के लिए अगली बैठक की तारीख शीघ्र घोषित की जाएगी। नगर पालिका की ओर से नगर में विकास कार्यों में देरी को लेकर निराशा देखने को मिल रही है।



### सारंगपुर परिषद की बैठक में पहुंचे 4 पार्षद

सारंगपुर नगर पालिका की विशेष बैठक मंगलवार को हंगामे और बहिष्कार के कारण अधूरी रह गई। नगर पालिका सभागार में तय इस बैठक में नगर हित के 28 अहम बिंदुओं पर चर्चा प्रस्तावित थी। लेकिन बैठक में अध्यक्ष पंकज पालीवाल समेत 14 पार्षद तय समय पर नहीं पहुंचे या उन्होंने बहिष्कार कर दिया। वहीं पार्षदों का आरोप है कि नपा आधिकारी की मनमानी और पार्षदों की अनदेखी के चलते उन्होंने बैठक में शामिल न होने का निर्णय लिया। बैठक में 18 पार्षदों में से केवल 4 ही पहुंचे। इनमें वार्ड 08 की पार्षद एवं उपाध्यक्ष भावना वर्मा वार्ड 18 से रुखमणीबाई लववंशी, वार्ड 10 से दुर्गाबाई राठौर और वार्ड 17 से सिद्धिबाई पुष्पद उपस्थित रहे। गैरहाजिरी की वजह से बैठक स्थगित करनी पड़ी और शहर के विकास से जुड़े कई निर्णय टल गए। इस दौरान डूडा अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर निधि भारद्वाज ने पुर मामले पर नजर रखते हुए राजस्व से जुड़े मामलों की समीक्षा की। उन्होंने नपाधिकारी ज्योति सुनहरे और राजस्व कर्मचारियों से सवाल किए जांच में सामने आया कि शहर में करीब 740 अवैध नल कनेक्शन हैं और करीब दो करोड़ रुपये का राजस्व बकाया है। कर्मचारियों ने माना कि बड़े नेताओं और प्रभावशाली नागरिकों के संरक्षण के चलते वसूली प्रक्रिया में कठिनाई होती है। इस पर भारद्वाज ने नाराजगी जताई और राजस्व वसूली को प्राथमिकता देने के कड़े निर्देश दिए।

### नप अधिकारियों पर पार्षदों के अनदेखी का आरोप

बैठक का बहिष्कार करने वाले पार्षदों का कहना है कि नपाधिकारी पार्षदों की उपेक्षा करते हैं और एजेंडा तय करने में उनकी राय को नजरअंदाज किया जाता है। वहीं, डूडा अधिकारी का कहना था कि कई पार्षदों तक बैठक की सूचना समय पर नहीं पहुंची, जिसके कारण वे शामिल नहीं हो सके। बैठक स्थगित होने से एक ओर विकास कार्यों से जुड़े प्रस्ताव अटक गए हैं, तो दूसरी ओर अवैध नलों और बकाया राजस्व के कारण आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है। फिलहाल अगली बैठक की तारीख तय की जाएगी, लेकिन यह साफ है कि पार्षदों और अधिकारियों के बीच टकराव खत्म हुए बिना कामकाज सुचारु होना कठिन है।

---

संवाद से समाधान कार्यक्रम में कार्यवाही के साथ-साथ निपटाई शिकायतें

# तत्कालीन पंचायत सचिव सस्पेंड, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी की वेतनवृद्धि रोकी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा संवाद से समाधान कार्यक्रम के तहत हर मंगलवार को आयोजित होने वाले संवाद कार्यक्रम में अर्से से लंबित सीएम हेल्पमलाईन की 5 से 6 शिकायतों का रेंडमली चयन किया जाता है।

कलेक्टोरेट सभागार में शिकायतकर्ता और संबंधित अधिकारी की उपस्थिति में शिकायतकर्ता और संबंधित अधिकारियों को अपने सम्मुख सुना और शिकायतों का निराकरण करवाया। साथ ही गैर-जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए। एक शिकायतकर्ता रजनीश दांगी द्वारा बताया गया कि उनके ससुर हजारीलाल दांगी जीवित है लेकिन पंचायत सचिव द्वारा लापरवाही करते हुए समग्र आईडी में सदस्य को मृत घोषित कर दिया है। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने तत्कालीन पंचायत सचिव प्रेमसिहं दांगी को निलंबित करने व जनपद पंचायत सीईओ खिलचीपुर की एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए।

एक अन्य मामले में शिकायतकर्ता रामचंद्र दांगी ने बताया गया कि मेरी पत्नी का नाम सीलाबाई है लेकिन समग्र आईडी में हमें अविवाहित दर्शा दिया गया है। शिकायत पर कलेक्टर ने उचित कार्यवाही नहीं करने पर सामाजिक सुरक्षा अधिकारी जीरापुर की एक वेतन वृद्धि रोकने व जनपद पंचायत सीईओ जीरापुर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### परिवार आईडी में जोड़ दिए अज्ञात लोगों के नाम

संवाद से समाधान के दौरान राजगढ निवासी आवेदक नौसाद अली ने बताया गया कि उनकी परिवार आईडी में चार अज्ञात लोगों के नाम जोड दिए गए हैं जिससे आवेदक को काफी समस्याएं हो रही हैं। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, नगर पालिका राजगढ़ वार्ड प्रभारी की एक-एक वेतन वृद्धि रोकते हुए निर्देशित किया कि तीन दिवस में शिकायत का निराकरण करें।

### मां शीतला के दरबार से पूजा अर्चना कर प्रारंभ हुई चुनरी यात्रा

**जीरापुर।** मां शीतला माता के दरबार से रजक समाज एवं पार्षद सुशीला मनोहर बरेठा द्वारा संयुक्त रूप से मां शीतला एवं ध्वज चुनरी की पूजा अर्चना चुनर यात्रा ढोल धमाके डीजे के साथ प्रारंभ होकर बुधवारीया बाजार, अटल चौक, इंदर चौराह, विवेकानंद चौराह, से बंसल कॉलोनी स्थित मां चामुंडेश्वरी माता मंदिर पर पहुंची जहां पर मां चामुंडेश्वरी को 101 मी चुनरी चढ़ाई गई। चुनर यात्रा में बड़ी संख्या में रजक समाज बंधु श्रद्धालु भक्तिजन सम्मिलित हुए।

---

# मालवा गरबा महोत्सव भक्ति के रंग में संपन्न



**नरसिंहगढ़।** भंडारी उद्यान में सोमवार रात मालवा गरबा महोत्सव का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के रंग में हुआ। 100 से अधिक प्रतिभागियों ने गरबा नृत्य में भाग लेकर वातावरण को उल्लास और आध्यात्मिकता से भर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र परमार एवं अन्य अतिथियों द्वारा पूजन-अर्चन के साथ हुआ। आयोजन की विशेषता यह रही कि पूरे गरबा में केवल भक्ति गीतों और भजनों पर ही नृत्य किया गया। आयोजकों ने संदेश दिया कि संस्कृति और भक्ति से जुड़े कार्यक्रम भी पूरी भव्यता के साथ आयोजित किए जा सकते हैं। इस मौके पर सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर सोनू शर्मा, मनोज मीणा और धीरज मीणा ,महंत चंद्रमा दास महाराज, महंत दीपेंद्र दास, पंडित जगदीश शास्त्री, भूपेंद्र मिश्रा, मंजुलता शिवहरे सहित अन्य विशेष रूप से उपस्थित थे।

---

सर्प पकड़ने में दक्ष हैं कोतवाली में पदस्थ पुलिसकर्मी दिनेश गुर्जर

# एक घर में दाखिल हुए 10 फीट लंबे सर्प को पुलिसकर्मी ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़

बारिश के दिनों में जहरीले जंतु अपने बिलों से बाहर निकलकर स्वच्छंद विचरण करने लग जाया करते हैं। इन जहरीले जंतुओं का यह विचरण इंसानों के लिए खतरनाक भी साबित हो सकता है। ऐसे में आपके घर या आसपास यदि सर्प या अन्य जहरीला जंतु दाखिल हो जाए तो स्वयं उसे पकड़ने का प्रयास न करते हुए इस कार्य में दक्ष व्यक्तियों को बुलवाना चाहिए।

राजगढ़ कोतवाली थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक दिनेश गुर्जर को भी सांप, गोहरा इत्यादि जहरीले जंतुओं को पकड़ने में महारत हासिल है। मंगलवार को पुरा क्षेत्र स्थित एक घर में करीब 10 फीट लंबा सर्प नजर आने पर घर के लोग भयभीत



हो उठे। ऐसे में पुलिसकर्मी दिनेश गुर्जर को फोन लगाने पर वे तुरंत संबंधित स्थान पर पहुंचे और कुछ समय कोशिश करने के बाद अंततः उन्होंने सर्प को पकड़कर उसे उसके प्राकृतिक निवास जंगल में जाकर छोड़ दिया।

### जहरीले जंतुओं को पकड़ने में विनय दीक्षित भी हैं दक्ष

पुलिसकर्मी दिनेश गुर्जर के साथ ही राजगढ़ नगर निवासी विनय दीक्षित उर्फ वीनू को भी सांप, गोहरा सहित अन्य जहरीले जंतुओं को पकड़ने में महारत हासिल है। इसी बारिश के मौसम में नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की रहवासी बस्तियों में दाखिल हुए अनेकों जहरीले जंतुओं को पकड़कर जंगलों में छोड़कर आ चुके हैं।

---

# मां शीतला के दरबार में हुआ कन्या भोज का आयोजन



**जीरापुर।** मां शीतला के दरबार में धार्मिक श्रद्धा और भक्ति के साथ कन्या भोज का आयोजन किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मां शीतला के दर्शन करने पहुंची। कन्या पूजन के बाद श्रद्धापूर्वक कन्याओं को भोजन कराया गया और उन्हें उपहार भी भेंट किए गए। आयोजन समिति ने बताया कि कन्या भोज परंपरागत रूप से हर वर्ष आयोजित किया जाता है, जिसमें श्रद्धालु उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं और मां शीतला से सुख-समृद्धि एवं मंगल की कामना करते हैं। मां शीतला माता महिला मंडल द्वारा विगत 22 वर्षों से मां जगत जननी शीतला माता के दरबार में कन्या भोज का आयोजन किया जाता है 23 वें वर्ष में भी कन्या भोज आयोजन किया गया।

---

व्यवस्थाओं को लेकर हिंदू उत्सव समिति की बैठक आयोजित

# सारंगपुर में दो स्थानों पर होगा रावण दहन

**सारंगपुर।** विजयादशमी पर्व को लेकर हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला की अध्यक्षता में सोमवार रात्रि को उत्कृष्ट विद्यालय दशहरा मैदान में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में रावण दहन समारोह की तैयारियों की समीक्षा कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। समिति ने निर्णय लिया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर में दो स्थानों पर रावण दहन होगा। पुराने दशहरा मैदान पर रावण दहन शाम 6 बजे तथा नए दशहरा मैदान पर रावण दहन रात्रि 8 बजकर 30 बजे रंगारंग आतिशबाजी के साथ किया जाएगा।

बैठक में तय कार्यक्रम के अनुसार रावण दहन से पूर्व भव्य जुलूस शाम 3 बजे अम्बे माता मंदिर पटवावाड़ी से प्रारंभ होगा। यह जुलूस टेंशन चैराहा, गांधी चैक, सदर बाजार, मंडाई चैराहा, पुराना गाड़रीवाड़ा और पटेलवाड़ी से होते हुए



पुराने दशहरा मैदान पहुंचेगा। जुलूस में राम, लक्ष्मण, हनुमान जी के साथ विभिन्न अखाड़ों की आकर्षक प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी।

पुराने दशहरा मैदान पर पंडित चंद्रमोहन व्यास द्वारा विधिविधान से पूजा-अर्चना के बाद रावण का दहन शाम 6 बजे भव्य आतिशबाजी के बीच किया जाएगा। इसके उपरांत जुलूस पुनः मंडाई, जामा मस्जिद, रंगेरवाड़ी, बाग कुआं टंकी, बदलीपुरा और दीनदयाल चाkराहा बस स्टैंड होते हुए उत्कृष्ट विद्यालय नया दशहरा मैदान पहुंचेगा। यहां मंचासीन कार्यक्रम के पश्चात पंडित भूपेंद्र जोशी द्वारा पूजा अर्चना कराने के बाद नए दशहरा मैदान पर रात्रि 8 बजकर 30 बजे रावण का दहन किया जाएगा। हिंदू उत्सव समिति ने नगरवासियों से कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक शामिल होने और शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। बैठक के दौरान नपा उपाध्यक प्रतिनिधि नीलेश वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, सुशील व्यास,अशोक साहू, दिनेश सिसोदिया, महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद, नवीन रुण्डवाल, महेश प्रजापति, संतोष धनगर, अमित पुष्पद सहित हिन्दू उत्सव समिति सदस्य मौजूद थे।

---



### सर्वोदय पब्लिक स्कूल में गरबा महोत्सव संपन्न

**तलेन।** मंगलवार को नगर के सर्वोदय पब्लिक स्कूल विद्यालय प्रांगण में गरबा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के सभी भैया-बहनों ने रंग-बिरंगे परिधानों में डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को उत्साह और उमंग से भर दिया। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर मां अम्बे की आराधना की और देश की उन्नति व समृद्धि की कामना की।

---

दशहरे की खुशियां फीकी पड़ने का खतरा

# नपा के सफाईकर्मियों को दो महीने से नहीं मिला वेतन, हड़ताल पर



**सारंगपुर।** नगर पालिका सारंगपुर के सफाईकर्मी को दो महीने से वेतन न मिलने के विरोध में मंगलवार दोपहर से हड़ताल पर बैठ गए। कर्मचारियों का कहना है कि समय पर वेतन न मिलने से उनका परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा है और त्योहार पर बच्चों की खुशियां भी अधूरी रह सकती हैं। वहीं अधिकारियों का तर्क है कि शासन से चुंगी की राशि देरी से आने की वजह से वेतन वितरण प्रभावित हुआ है, लेकिन बुधवार तक सभी कर्मचारियों को वेतन मिल जाएगा। हड़ताल पर बैठे सफाईकर्मी रवि गिरजे, कुंदन गिरजे, अरुण खींगरवाल, मनोज गिरजे, रवि खटक और राधेश्याम गिरजे का कहना है कि उन्हें लगातार दो माह से सेलरी नहीं मिली है। आरोप यह भी है कि जब वेतन के लिए नपाधिकारी से बात की तो उन्हें निलंबित करने की धमकी दी गई। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द वेतन नहीं मिला तो त्योहार पर पूरा सफाई तंत्र ठप हो जाएगा। इस पर नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनहरे ने कहा कि शासन स्तर से चुंगी राशि समय पर नहीं आने से दिक्कत खड़ी हुई है। उनका कहना है कि नगर पालिका का मासिक वेतन खर्च करीब 60 से 65 लाख रुपये है, जबकि शासन से चुंगी के रूप में केवल 35 लाख रुपये ही आते हैं। इसके अलावा अन्य खर्चों के कारण कुल खर्च प्रतिमाह 70 से 80 लाख तक पहुंच जाता है। ऐसे में नगर पालिका की आय में देरी होने पर कर्मचारियों का वेतन समय पर नहीं मिल पाता। सुनहरे ने यह भी स्पष्ट किया कि सफाई तंत्र प्रभावित न हो, इस कारण कर्मचारियों को समय पर काम पर बुलाना और अनुशासन की बातें करना उनका दायित्व है।

---

# महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को दिया अकाउंट एण्ड टैली का प्रशिक्षण

## 60 घंटे के प्रशिक्षण में 30 विद्यार्थियों ने लिया भाग




हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़

स्वामी विवेकानंद केरियर मार्गदर्शन योजना के तहत लीड महाविद्यालय राजगढ़ में अल्पावधि रोजगार उन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वरोजगार हेतु प्रेरित करना एवं अकाउंटिंग तथा टैली के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों से अवगत कराना था।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में अंकित प्रजापति ने विद्यार्थियों को लेजर, ट्रायल बैलेंस, अकाउंटिंग आदि विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम के संयोजक वाणिज्य विभाग सहायक प्राध्यापक प्रो. प्रकाश कुमार अहिरवार ने बताया गया कि टैली के क्षेत्र में हुनर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने जीएसटी एवं इन्कम टैक्स की गणना के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। कुल 60 घंटे के प्रशिक्षण में लगभग 30 विद्यार्थियों ने भाग लेकर स्व-रोजगार की ओर अपने कदम बढ़ाए। इस अवसर पर प्राचार्य ने विपिन खरे ने विषय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया एवं आगामी प्लेसमेंट एवं एडवांस प्रशिक्षण के लिए आश्वस्त किया। लाभान्वित होने वाले विद्यार्थियों ने बताया कि उनको पहले प्रशिक्षण के उपरांत रोजगार के लिए ऑफर आना शुरू हो गए। कार्यक्रम का संचालन आराधना यादव ने किया।

---

करेड़ी क्षेत्र के श्रद्धालु हर साल आयोजित करते हैं चुनरी यात्रा

# 18 किमी पदयात्रा उपरान्त मां जालपा धाम पहुंची 251 मीटर लंबी चूनर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़

शारदेय नवरात्र में चल रहे धार्मिक आयोजनों की कड़ी में करेड़ी क्षेत्र के श्रद्धालुओं द्वारा 18 किमी की पदयात्रा करते हुए जालपा धाम पहुंचकर माता को 251 मीटर की चुनरी अर्पित की गई। यह भव्य चुनरी यात्रा करेड़ी के शीतला माता मंदिर से पूजा-अर्चना के साथ आरंभ हुई जिसमें महिलाओं, युवतियों, बालिकाओं एवं ग्रामीणों सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

इस दौरान श्रद्धालुगण माता की चुनरी को कंधों पर रखकर रखकर भजनों एवं धार्मिक गीतों पर नाचते, गाते एवं माता की भक्ति में लीन होकर साथ चल रहे थे। ग्रामीण अंचल की गलियों और मार्गों से गुजरती इस चूनर यात्रा का जगह-जगह विभिन्न मंचों से पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत, अभिनंदन किया गया। कई सामाजिक व धार्मिक संगठनों ने श्रद्धालुओं को स्वल्पाहार व पेयजल की व्यवस्था कर यात्रा को सफल बनाने में सहयोग दिया। इस चुनर यात्रा ने न केवल धार्मिक आस्था को प्रकट किया, बल्कि आपसी भाईचारे और एकता का अद्भुत उदाहरण भी प्रस्तुत किया।



### समिति एवं सामूहिक सहयोग से संपन्न हुआ आयोजन

मां शैलपुत्री नवदुर्गा उत्सव समिति करेड़ी एवं समस्त ग्रामवासियों सहयोग से यह चुनर यात्रा प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। यात्रा में विशेष रूप से रामबाबू पुष्पद, अंकित वर्मा, अजय वर्मा, विष्णु प्रजापति, पवन पुष्पद, मनोज सेन, सुरेश मालवीय, मुकेश गुप्ता सहित अनेक ग्रामवासी शामिल रहे। मां जालपा धाम पहुंचकर भक्तों ने चुनर अर्पित कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया और सुख-समृद्धि की कामना की।

### चुनर व कलश यात्रा निकाली

*माचलपुर। नवरात्रि के सातवें दिन प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी चुनर यात्रा नगर के चाठा कुंडी बालाजी मंदिर से निकली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल रहे। यात्रा में माता शीतला मंदिर के शिखर पर चढ़ने वाला कलश भी चुनर के आगे आगे भक्त प्रकाश सोनी सर पर लिए चल रहे थे जिन्होंने कलश की बोली 31 हजार एक सौ एक रुपए लगा कर कलश लिया था। चुनर यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी जहां श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया यात्रा के आगे आगे बालिकाएं माता रानी के भजनों की धुन पर गरबा नृत्य करते हुए चल रही थीं। चुनर यात्रा नगर के शीतलामाता मंदिर पहुंची जहा माता को 111 मीटर की चुनर चढ़ाई गई। महाआरती के साथ यात्रा का समापन हुआ।*

**खबर संक्षेप**

### विजयादशमी पर संचलन में 100 से अधिक वाहिनियां रहेंगी मौजूद

**देवास।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा देवास नगर में श्री विजयादशमी उत्सव पर प्रतिवर्ष निकाला जाने वाला पारंपरिक पथ संचलन इस वर्ष 2 अक्टूबर, गुरुवार को दशहरा मैदान पुलिस लाइन से निकाला जाएगा। इस विजयादशमी उत्सव में मुख्य अतिथि प्रसिद्ध शल्य चिकित्सक डॉ गिरीश मालवीय एवं मुख्य वक्ता मध्य क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक स्वप्निल कुलकर्णी रहेंगे। इस वर्ष संघ स्थापना के सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं, संघ के शताब्दी वर्ष के आयोजन इस विजयादशमी उत्सव से प्रारंभ होंगे। देवास नगर के इस पथ संचलन का स्वरूप इस वर्ष विराट रहने वाला है, विगत कुछ वर्षों से देवास नगर में संचलन बस्तीशः निकाले जाते रहे है, इस वर्ष पूरे देवास नगर का एक ही संचलन निकलेगा, जिसमें सभी 32 बस्तियों के हजारों स्वयंसेवक सम्मिलित होंगे। ध्वज वाहिनी, घोष वाहिनीयों सहित सौ से अधिक वाहिनियो में हजारों स्वयंसेवकों का यह संचलन चार किलोमीटर से अधिक लंबा रहने वाला है जो नगर के प्रमुख मार्गों को तय करेगा। संचलन पुलिस लाइन दशहरा मैदान से प्रारंभ होकर वर्तमान मीना बाजार के पास से राधागंज के बी.एन.पी.रोड से राम-कृष्ण चौराहा होते हुए भोपाल चौराहा,नाहर दरवाजा,नयापुरा,जनता बैंक,सुभाष चौक,नावेल्टी चौराहा, तहसील चौराहा,नगर निगम कार्यालय, लाल गेट से स्टेशन रोड की ओर मुडक़र गजरा गियर चौराहा,गायत्री मंदिर से पुनः पुलिस लाइन दशहरा मैदान पहुंचेगा। शताब्दी वर्ष पर निकलने वाला यह संचलन पंच परिवर्तन के विषयों सामाजिक समरसता,कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण,नागरिक कर्तव्य एवं स्व के भाव के जागरण पर केंद्रित रहेगा।

## माता टेकरी पर जाने अवैध पार्किंग वसूली को लेकर विवाद, पांच लोगों पर केस

# यूपी के श्रद्धालुओं के साथ हुई मारपीट पुलिस ने शिकायत पर की कार्रवाई

### प्रशासन ने सख्त कार्रवाई कर दोषियों के खिलाफ एफआईआर की, वही निगम अमले ने अवैध दुकानों को हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के प्रसिद्ध माता टेकरी मंदिर के दर्शन के लिए आए उत्तर प्रदेश के श्रद्धालुओं के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला मंगलवार को सामने आया। घटना स्टेशन रोड क्षेत्र में हुई, जहां अवैध पार्किंग और प्रसादी के नाम पर पैसे मांगने को लेकर विवाद हुआ। श्रद्धालुओं के साथ हुई मारपीट का एक वीडियो भी सामने आया है। पीड़ितों ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है।







### श्रद्धालुओं की शिकायत पर एफआईआर

उत्तरप्रदेश के औरैया जिले से आए ज्योतिरादित्य त्रिपाठी ने बताया कि वे 30 सितंबर को दोपहर करीब 2 बजे अपने परिवार के साथ माता टेकरी दर्शन करने आए थे। स्टेशन रोड पर अचानक एक युवक उनकी कार के सामने आ गया, जिससे उसे मामूली खरोंच आई। इसके बाद वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और उनके परिवार से अभद्र व्यवहार किया। त्रिपाठी ने कहा कि उन्होंने लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन भीड़ ने उन पर हमला कर दिया। इसी दौरान मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें बचाया। इसके बाद वे सीधे कोतवाली थाने पहुंचे और शिकायत दी।

### अवैध पार्किंग और वसूली

एक अन्य श्रद्धालु बृजेश दुबे ने बताया कि टेकरी गेट पर एक महिला ने उन्हें वाहन पार्क करने के लिए कहा। उन्होंने वहां पार्किंग की और पैसे देकर प्रसादी ली। दर्शन के बाद लौटते समय स्थानीय लोगों ने उनसे दुर्व्यवहार किया और धक्कामुक्की की। दुबे ने कहा कि टेकरी क्षेत्र में अवैध वसूली हो रही है, जिस पर प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। श्रद्धालु शशांक ने भी शिकायत में कहा कि उनसे पार्किंग के नाम पर 100 रुपए और प्रसादी के लिए अलग से पैसे मांगे गए। उन्होंने इस व्यवहार को देवास की छवि के लिए शर्मनाक बताया।

### पुलिस ने पांच लोगों पर की कार्रवाई

कोतवाली थाना प्रभारी श्यामचंद्र शर्मा ने बताया कि स्टेशन रोड स्थित इंडियन बैंक के सामने अवैध पार्किंग और प्रसादी के नाम पर हुए विवाद में यूपी से आए श्रद्धालुओं से कुछ लोगों ने मारपीट की। मामले की जांच में पाया गया कि श्रद्धालुओं की कोई गलती नहीं थी। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के संबंध में दो महिलाओं सहित पांच लोगों पर शांतिभंग की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। सीसीटीवी फुटेज के जरिए अन्य संदिग्धों की पहचान की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### निगम अमले ने हटाई अवैध दुकानें

एफआईआर के बाद मंगलवार शाम को घटनास्थल पहुंचा और अवैध दुकानों को हटाने की कार्रवाई की। निगम अमले ने अस्थाई रूप से बनी चार से पांच दुकानों को हटाया। निगम अमला प्रभारी प्रतीक शर्मा ने बताया कि विवाद के बाद कार्रवाई कर तीन से चार दुकानें हटाई गई है।

# सिरोल्या की तलाई में डूबे युवक का शव निकाला

### नहाने के दौरान हुई मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के बरोठा थाना क्षेत्र में सिरोल्या और धामंदा मार्ग पर स्थित एक तलाई में सोमवार शाम एक युवक की डूबने से मौत हो गई। युवक अपने दोस्त के साथ नहाने गया था, तभी यह हादसा हुआ।जानकारी अनुसार, सोमवार शाम करीब 6 बजे दो दोस्त तलाई में नहाने गए थे। इसी दौरान एक युवक गहरे पानी में चला गया और संतुलन बिगड़ने से डूब गया। उसके दोस्त ने आसपास के ग्रामीणों को घटना की सूचना दी, जिसके बाद ग्रामीणों ने डायल 112 को सूचित किया।

देर शाम घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।मृतक की पहचान मल्हार कॉलोनी, आड़ी पट्टी निवासी 24 वर्षीय बबलू पिता मोहन कल्याणे के रूप में हुई है। बबलू के डूबने के बाद रात भर शव को खोजने के लिए सर्च अभियान चलाया गया। रात होने पर सर्चिंग रोक दी गई। मंगलवार सुबह सर्चिंग शुरू हुई तो शव बरामद हुआ।

शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया है।परिजनों ने बताया कि बबलू के साथ उसका एक दोस्त भी था, जो उसी के पड़ोस में रहता है, लेकिन घटना के बाद से वह फरार है। मृतक बबलू मजदूरी का काम करता था। पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुटी है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि मृतक और उसका दोस्त किस काम से शहर से गांव गए थे और दोस्त क्यों फरार हुआ है।

### बच्चों ने नरसिंह अवतार की झांकी प्रस्तुत की




**चापडा।** नगर के बाजार पट्टी मां अंबिका चौक मंदिर पर नगरवासियों के सहयोग से नवरात्रि पर्व उत्सव मनाया जा रहा है। जहां पर प्रतिदिन बालिकाओं द्वारा गरबा किया जा रहा है। साथ ही नगर के स्कूलों के बच्चों द्वारा प्रस्तुतियां दी जा रही है। सोमवार शाम को नगर के प्रोग्रेसिव पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा शानदार प्रस्तुतियां दी गई, जिसमें मां काली एवं भगवान नरसिंह अवतार की झांकी प्रस्तुत की गई। बच्चों की प्रस्तुतियों को देख हर कोई उत्साहित नजर आया। बड़ी संख्या में नगरवासी इस कार्यक्रम को देखने पहुंचे। इसी दौरान अरिहंत पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा संत प्रेमानंद महाराज की झांकी प्रस्तुत की गई। इस दौरान समिति की ओर से स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं का स्वागत किया गया। साथ ही मां अंबिका की आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया। नवदुर्गा युवा उत्सव समिति के तत्वावधान विगत कई वर्षों से यहां पर नवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है।

### माता के कई रूपों में कन्या पूजन कर की मां दुर्गा की महाआरती

**सीहोर।** दस दिवसीय नवरात्रि का महा पर्व नगर में स्थित मंडी क्षेत्र के जनता कालोनी में नव दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों द्वारा 35 वा दुर्गा उत्सव पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। मंगलवार को समिति द्वारा छोटी-छोटी कन्याओं को देवी मां के विभिन्न रूपों में सजा कर जाग्रत झांकी बनाकर माता की महाआरती की।



**पोरवाल महिला मंडल करेगी पथ संचलन का स्वागतः देवास।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा देवास नगर में विजयादशमी उत्सव पर निकलने वाले पारंपरिक पथ संचलन का पोरवाल महिला मण्डल की मातृशक्तियों द्वारा स्वागत किया जाएगा। मण्डल की दुर्गा पोरवाल ने बताया कि 2 अक्टूबर, गुरुवार को दशहरा मैदान पुलिस लाइन से निकलने वाले भव्य एवं दिव्य चल समारोह का गजरा गियर्स चौराहे पर मंच लगाकर पुष्पवर्षा से स्वागत किया।

# बीएमओ ने डॉ. बागरी को सौंपी कमान, तीन नए डॉक्टर और एक महिला डॉक्टर की हुई पदस्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



नगर जावर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. अमित माथुर जो पिछले दस वर्षों से नगर और क्षेत्रवासियों को अपनी स्वास्थ्य सेवाएं देते आ रहे हैं। चूंकि उनका अब प्रमोशन होकर आष्टा बीएमओ के पद पर पदस्थ हुए हैं, उनकी जगह जावर हॉस्पिटल में डॉ. दीपराज बागरी मेडिकल ऑफिसर के रूप में पदस्थ हुए। डॉ. अमित माथुर ने डॉ. दीपराज बागरी को हॉस्पिटल का प्रभारी चिकित्सा अधिकारी बनाते हुए, आगे नगरवासियों व क्षेत्रवासियों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए उन्हें कई जिम्मेदारियाँ सौंपीं।

उन्होंने नगर व क्षेत्र की जानकारी दी और हॉस्पिटल में तीन नए डॉक्टर व एक महिला डॉक्टर की पदस्थापना भी करवाई, ताकि क्षेत्र की जनता को किसी समस्या का सामना न करना पड़े। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर में प्रतिदिन 250 से ज़्यादा ओपीडी और मरीज़ों को भर्ती कर इलाज होता है। इमरजेंसी 24x7 सेवा हेतु एक डॉक्टर की सुविधा भी रहती है। नए पदस्थ डॉक्टर्स में डॉ. अभिषेक कुशवाह, डॉ. रोहित सिंह, डॉ. मनमोहन वर्मा, और डॉ. भाविका चचलानी शामिल हैं। डॉ. दीपराज बागरी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सामु. स्वा. केंद्र जावर का कहना है किः पहले परिजनों को पोस्टमार्टम के लिए आष्टा जाना पड़ता था, जिससे उनको काफी परेशानी और समय खराब हो जाता था। लेकिन अब बीएमओ आष्टा डॉ. अमित माथुर के प्रयासों से यह सुविधा भी नगर और क्षेत्रवासियों के परिजनों को अब जावर नगर में ही मिलेगी, जिससे परिजनों को ज्यादा परेशान नहीं होना पड़ेगा। और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने का निरंतर प्रयास जारी रहेगा।

### सेवा पखवाड़े के रूप में किया पौधरोपण



**जावर।** वन चौकी सेठ गुराडिया में सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत वृक्षारोपण किया गया इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि जावर पार्षद मदन विश्वकर्मा,जावर पार्षद हुकम विश्वकर्मा, सरपंच फूल सिंह रघुवंशी, उप सरपंच धर्मेंद्र पाटीदार, लखन प्रजापति, हिम्मत सिंह ठाकुर, वन समिति अध्यक्ष मदन लाल कलेशरिया, कपिल राठौर, डिप्टी रेंजर रमेश चंद गहरवार, वन रक्षक सीताराम परमार, वन रक्षक प्रदीप मलोटिया, राधेश्याम मलहोत्रा, रमेश मेवाड़ा, सालगराम सेन,मनोहर पटेल आदि की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया।

### गांव बमुलिया रायमल में मां अम्बे के दरबार में कन्या भोज का आयोजन



**जावर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी अष्पटमी पर्व पर गांव बमुलिया रायमल के प्राचीन मां अम्बे माता मंदिर में मंगलवार सुबह कन्या भोज का आयोजन मंदिर समिति द्वारा किया गया। सोमवार की सुबह मां अम्बे माता का विशेष अभिषेक व श्रृंगार कर आरती की गई, इसके बाद कन्या भोज प्रारंभ किया गया। जिसमें गांव के आदि स्थानों से अधिक संख्या में छोटी-छोटी बालिकाओं ने कन्या भोज कार्यक्रम में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

## सड़क सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा के किए जा रहे सराहनीय प्रयास

# दुर्घटनाओं से बचने बताया यातायात नियमों से बचेगी जान





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जहां एक तरफ पुलिस प्रशासन पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधों पर अंकुश लगाने सराहनीय कार्य कर रही है, तो वही डीबीसीपीएल फोर लेन सीएस आर प्रशासन के साथ मिल कर समाज को सड़क दुर्घटना से बचाने के लिए फोर लेन से गुजरने वाले वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियम पालन करने के लिए जागरूक कर रही है।

डीबीसीपीएलसी एसआर प्रवक्ता ने बताया कि डीबीसीपीएल प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान सीएसआर के तहद पुलिस प्रशासन के साथ मिल कर सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। जिसमे वाहन चालकों के वाहन के पिछे रेडियाम स्टीकर लगा, यातायात नियम पर्चे, स्टीकर व सुरक्षा बैचेज वितरित किए जा रहे है।

जागरूकता अभियान के तहत वाहन चालकों से यातायात नियम पालन की सपथ लेने के साथ यातायात नियम पालन करने वाले वाहन चालकों को सम्मानित किया जा रहा है, ताकि सड़क सुरक्षा को बढ़ावा मिले। डीबीसीपीएलसीएसआर टीम आम जन को नियम न पालन करने के दुष्परिणाम से अवगत करा रही है। हेलमेट, गतिसीमा, चौराहा पर सावधानी आदी नियमों को समझा रही है। डीबीसीपीएल प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन संयुक्त रूप से अनाधिकृत ऐप्रोच रोड बंद करना, डिवाइडर व रोड सीमा कलर करना, क्रॉस बेरियर तथा पूलियावों पर जगह-जगह रेडियम पट्टी लगाने के साथ चौराहो पर आवागमन पारदर्शिता के लिए झाड़ियों की कटाई आदि कई सराहनीय कार्य कर रही है।

सड़क मेंटेनेंस प्रबंधक पियुष सिंह, नितिन अग्रवाल व रवि पवार ने बताया कि सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए फोर लेन सड़क पर प्रोजेक्ट निरामया के माध्यम से मेडिकल मोबाइल युनिट संचालन समुदायीक लगाव के लिए निः शुल्क जीडीए प्रशिक्षण स्किल सेंटर का संचालन व टेक्नो ट्रक परियोजना के माध्यम से 5 साझेदार स्कूलों में मल्टी-स्किल फाउंडेशन कोर्स आयोजित कर रही है, जिसमें विद्यार्थियों को व्यावहारिक, अनुभवात्मक शिक्षा प्रदान की जा रही है।

डीबीसीपीएल प्रशासन व एमपीआरडीसी का लक्ष्य है कि आगामी समय में यात्रियों को सुरक्षित और सुगम सफर का अनुभव हो। इस मौके पर डीबीसीपी एल सी एस आर टीम, टोल प्लाजा मैनेजर नीरज तिवारी, कॉरीडोर मैनेजर राजीव मिश्रा, पुलिस बल व कई लोग उपस्थित थे।

# 51 फिट ऊंचा रावण का पुतला आज होगा दहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

संत रामदास बाबा की स्मृति में मनाया जाने वाला दशहरा पर्व प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष से भी उमंग और उल्लासमय वातावरण के साथ मनाया जाएगा दशहरा पर्व पर रामदास बाबा की समाधि स्थल पर महाआरती का आयोजन दोपहर 12 बजे होगा।

हर वर्ष की तरह दशहरा पर्व हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित हो रहा है क्षेत्र में दशहरा पर्व को लेकर एक अनूठा रिवाज जो सालों से चला आ रहा है तहसील क्षेत्र में दशहरा 3 दिनों तक मनाया जाता है।

दशमी पर जावर में रावण दहन होने के बाद ग्यारस पर ग्राम खड़ी में रावण का दहन किया जाता है, जहां कई मंत्री व जनप्रतिनिधि भी सब शामिल होते हैं वही बारस को ग्राम कजलास में रावण का दहन राम लीला मंचन से किया जाता है।